BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 04 जनवरी 2025 **थाना ककोड़**

अपनी प्रेमिका व दोस्त के साथ मिलकर पत्नी की हत्या करने वाला पति, प्रेमिका व दोस्त सहित गिरफ्तार, कब्जें से घटना में प्रयुक्त ईको गाडी व 03 मोबाइल फोन बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 29/30-12-2024 की रात्रि में अभियुक्त विशाल द्वारा अपनी प्रेमिका हेमा व अपने दोस्त फरदीन के साथ मिलकर अपनी पत्नी हिमांशी को सुनपेडा नहर पर लेजाकर उसकी हत्या करने के उद्देश्य से नहर में फैककर शव को गायब कर दिया था। इस सम्बन्ध में हिमांशी के पिता रंजीत निवासी ग्राम खानपुर थाना चोला जनपद बुलन्दशहर की तहरीर के आधार पर थाना ककोड पर मुअसं-443/24 धारा 85,80(2), 103(1), 238, 61(2) बीएनएस व ¾ दहेज अधिनियम पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना ककोड़ पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त तीनों अभियुक्तों आज दिनांक 04-01-2025 को घटना में प्रयुक्त ईको गाडी यूपी-13बीबी 9860 व 03 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना ककोड पर पंजीकृत अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- विशाल पुत्र पीतम निवासी ग्राम हसनपुर बक्सुआ थाना ककोड जनपद बुलन्दशहर।
2- हेमा पुत्री जयप्रकाश निवासी उपरोक्त।
3- फरदीन पुत्र हारून निवासी ग्राम वैर बादशाहपुर थाना ककोड जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- ईको गाडी न0-यूपी13बीबी 9860
2- 03 मोबाइल फोन

हत्या का कारण- अभियुक्त विशाल के शादी से पहले से ही अपने गांव निवासी हेमा से प्रेम सम्बन्ध थे और उसेस शादी करना चाहता था। इसीलिए विशान द्वारा हेमा व अपने के अन्य साथी फरदीन के साथ मिलकर अपनी पत्नी हिमांशी की हत्या कर दी।

थाना ककोड पुलिस टीम-

1. श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ककोड़
2. उ0नि0 रमेशचन्द, उ0नि0 फरीद अहमद, उ0नि0 रामवीर सिंह
3. का0 अरूण कुमार, अभिषेक कुमार, म0का0 बबीता

मीडिया सेल बुलंदशहर